केन्द्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद से मुलाकात करते मसूरी विधायक।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### 108 सेवा के हटाए गए कर्मियों ने किया प्रदर्शन, फूंका पुतला

**(संवाददाता)** देहरादून। 108 सेवा व खुशियों की सवारी के कर्मचारियों द्वारा आज उत्तराखंड में 108 के टेन्डर बनाने वाले नीति नियंताओं का पुतला फूंक आक्रोश व्यक्त किया गया। आज 108 सेवा के निकाले गए कर्मियों के धरने को 60 दिन व क्रमिक अनशन को 52 दिन हो गये। सरकार द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है। कर्मियों का कहना है कि ?1 जुलाई से बच्चों के एडमिशन होने मुश्किल है अप्रैल में काम किये हुये काम का वेतन नही दिया गया।

### कर्मचारियों ने ठप किया काम–काज

**(संवाददाता)** देहरादून। अतिक्रमण हटाने के दौरान नगर निगम टीम पर हमले के विरोध में नगर निगम कर्मचारियों ने शुक्रवार को भी हड़ताल रखी। जिसके चलते निगम में काम–काज ठप रहा। हालांकि मेयर सुनील उनियाल गामा के आश्वासन पर कर्मचारियों ने हड़ताल स्थगित कर दी। कर्मचारियों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर निगम परिसर में नारेबाजी करते हुए जमकर हंगामा किया। नगर आयुक्त ने हड़ताल खोलने का आग्रह किया लेकिन कर्मचारी नहीं माने।

### तहसील कर्मी को टिप्पर ने कुचला, दर्दनाक मौत

**(संवाददाता)** देहरादून। उडियारी गांव थल मोटर मार्ग के पास स्कूटी सवार एक महिला की टिप्पर के चपेट में आने से मौत हो गई। मृतका तहसील में अनुसेविका के पद पर तैनात थीं, जो गुरुवार शाम को करीब पांच बजे अपने बेटे के साथ स्कूटी पर सवार होकर घर लौट रही थी। इस दौरान जब स्कूटी कांडेकिरोली के पास पहुंची तो जाख रावत से आ रहे टिप्पर के पिछले टायर से स्कूटी टकराई और चालक दूर छिटक गया। लेकिन उसकी मां टिप्पर के पिछले टायर की चपेट में आ गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

### कोलगेट बना भरोसेमंद ओरल हाइजिन ब्रांड

**(संवाददाता)** देहरादून। ओरल केयर में मार्केट लीडर कोलगेट–पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड को टीआरए ब्रांड ट्रस्ट इंडिया स्टडी ने भारत का सबसे भरोसेमंद नंबर 1 ओरल हाइजिन ब्रांड घोषित किया है। टीआरए ब्रांड ट्रस्ट इंडिया स्टडी रिपोर्ट 2019 में भारत के 1000 टॉप ब्रांड्स को शामिल किया गया। कोलगेट ने लगातार नौंवे साल गौरवमय यह स्थान कायम रखा है। टीआरए ब्रांड ट्रस्ट की भारत से जुड़ी नवीनतम रिपोर्ट 2019 में कोलगेट को इस सम्मान से नवाजा गया है। हमारा मानना है कि हर किसी का अधिकार है एक ऐसे भविष्य का जिसके बारे में वह मुस्कुरा सके।

# सीएम ने किया कोस्टगार्ड भर्ती सेंटर का शिलान्यास

**शिलान्यास**

**42 करोड़ की लागत से कुआंवाला बनेगा कोस्टगार्ड भर्ती सेंटर**

**राज्य के युवाओं को तटरक्षक बल में जाने का मिलेगा सुनहरा अवसर**



कुंआवाला दून में कोस्ट गार्ड भर्ती सेंटर का शिलान्यास करते सीएम।

**(संवाददाता)**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को कुंआवाला (हर्रावाला) में कोस्ट गार्ड भर्ती सेंटर का शिलान्यास व भूमि पूजन किया। इस भर्ती केन्द्र के लिए भारत सरकार से 17 करोड़ रूपये भूमि के लिए व 25 करोड़ रूपये भवन निर्माण के लिए स्वीकृति मिल चुकी है। इस भर्ती केन्द्र के लिए पूरा खर्चा भारत सरकार वहन करेगी। यह भर्ती केन्द्र डेढ़ वर्ष में बनकर तैयार हो जायेगा। यह भर्ती केन्द्र केन्द्र चार राज्यों उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, हिमांचल प्रदेश और हरियाणा के लिए बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखण्ड में कोस्टगार्ड भर्ती केन्द्र खुलने से प्रदेश के युवाओं को कोस्टगार्ड में रोजगार के अच्छे अवसर मिलेंगे। थलसेना, वायुसेना व नौसेना के भर्ती केन्द्र उत्तराखण्ड में पहले से ही हैं। कोस्टगार्ड भर्ती केन्द्र खुलने से राज्य के युवाओं को तटरक्षक बल में करियर बनाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि यह रैबार कार्यक्रम का प्रतिफल है कि उत्तराखण्ड में कोस्टगार्ड का भर्ती सेंटर खुलने जा रहा है, जबकि देहरादून में देश का पहला ड्रोन एप्लिकेशन रिसर्च सेंटर खुल चुका है। उत्तराखण्ड में पांचवे धाम के रूप में सैन्यधाम को विकसित करने के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प की दिशा में यह एक बड़ी पहल है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि देहरादून में जल्द ही भव्य शौर्य स्थल बनाया जायेगा। इसके लिए देहरादून में 70 बीघा जमीन का चयन कर लिया गया है। यह शौर्य स्थल सबके लिए प्रेरणा का केन्द्र बनेगा।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि रानीपोखरी में नेशनल लॉ युनिवर्सिटी बन रही है। इससे प्रदेश के युवाओं को विधि की पढ़ाई के साथ–साथ कानून के क्षेत्र में कार्य करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। पर्यटन को बढ़ावा देने राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। राज्य में अधिक से अधिक पर्यटक आयें इसके लिए हवाई सेवाओं को विस्तार दिया जा रहा है। जॉलीग्रांट एयरपोर्ट का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के अनेक अवसर हैं। देश का 23वां सीपैट संस्थान डोईवाला में खोला गया है। सीपैट एक ऐसा संस्थान हैं, जिसमें कोर्स करने से रोजगार की बहुत प्रबल संभावनाएं हैं।

### बिना एमओयू बांट दिए हजारों लैपटॉपः जन संघर्ष मोर्चा

**(संवाददाता)** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि खाद्य विभाग ने वर्ष 2018–19 में प्रदेश की सरकारी सस्ता गल्ला की दुकानों के ऑटोमेशन हेतु सिस्टम इंटीग्रेटर मॉडल लागू किए जाने की दिशा में प्रत्येक दुकान हेतु लैपटॉप–प्रिंटर–बायोमैट्रिक डिवाइस–डोंगल आदि की व्यवस्था के तहत बिना एमओयू (करार) के 4389 लैपटॉप आदि का वितरण कर दिया था। नेगी ने कहा कि बड़ी हैरानी की बात है कि सरकारी कार्यप्रणाली के तहत जहां हर किसी योजना अथवा कार्य को लागू करने से पहले सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाती हैं वहीं लैपटॉप बांटने में इतनी जल्दबाजी, वो भी बिना एमओयू। उक्त मामला बहुत ही गंभीर है। नेगी ने कहा कि प्रदेश के खाद्य मंत्री मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत के विभाग में ही अगर ऐसा खेल खेला जा रहा है तो अन्य विभागों का क्या हाल होगा। नेगी ने कहा की कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के तहत प्रदेश की 9304 दुकानों को लैपटॉप प्रिंटर आदि से लैस कर प्रति कुंटल द्द17 सेवा दाता कंपनी को दिया जाता है। पत्रकार वार्ता में मोहम्मद असद, प्रवीण शर्मा पिन्नी आदि उपस्थित रहे।

### विधायक जोशी ने केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद से की भेंट

**(संवाददाता)** देहरादून। नई दिल्ली में मसूरी विधायक गणेश जोशी ने केन्द्रीय न्याय, कानून एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद से मिलकर उन्हें दूसरे कार्यकाल की बधाई दी। विधायक जोशी ने केन्द्रीय मंत्री को स्मृति स्वरुप पौधा भेंट किया। विधायक गणेश जोशी ने कहा कि मेरे अनुरोध पर केन्द्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने मसूरी एवं नैनीताल सहित हरिद्वार के घाटों में वाई–फाई की सुविधा प्रदान की। विधायक जोशी ने अपनी मांग को प्राथमिकता के आधार पर कराये जाने के लिए केन्द्रीय मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि मसूरी, नैनीताल एवं हरिद्वार में प्रतिदिवस लाखों लोगों का इस सुविधा का लाभ मिल रहा है। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राष्ट्र की प्रगति पर भी केन्द्रीय मंत्री को बधाई दी।

# नेत्रदान करने वाले लोगों के परिजनों को किया सम्मानित

**सम्मान**

■ एक व्यक्ति अपनी नेत्रदान करके दो व्यक्तियों को दुनिया देखने का देता है मौका



सम्मानित किए गए लोग अतिथियों के साथ में।

देहरादून। **(संवाददाता)**

उत्तराखंड विधि आयोग और मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन के संयुक्त कार्यक्रम के तहत ऑफिसर्स ट्रांजिट हॉस्टल रेसकोर्स में अपने जीवन में नेत्रदान करने वाले परिवार के लोगों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड विधि आयोग के अध्यक्ष जस्टिस राजेश टंडन तथा विशिष्ठ अतिथि भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय महामंत्री नरेश जैन एवं मुनेंद्र स्वरूप जैन उपस्थित रहे।

राजेश टंडन ने बताया कि नेत्रदान बहुत ही पुण्य काम है। एक व्यक्ति अपनी नेत्रदान करके दो व्यक्तियों को दुनिया देखने का मौका देता है। यह बहुत ही पुण्य काम है और इस कार्य को सभी लोगों को करना चाहिए।

मानवधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन जैन ने बताया कि भारत में करीब 125 करोड़ लोग हैं जिसमें 30 लाख लोग ही हैं जो नेत्रदान करके दृष्टिहीन लोगों को नेत्र दे सकते हैं। नेत्रदान केवल मृत्यु के बाद ही किया जा सकता है। व्यक्ति अपने लिए तो जीता है लेकिन दूसरों के लिए जीना सीखें। आज देश की बड़ी आबादी दृष्टिहीन का शिकार है यदि आज जिंदा होते ही नेत्रदान का संकल्प पत्र भर दे तो समाज के अन्य लोगों के लिए एक बहुत अच्छा प्रयास होगा। देश की इतनी अधिक जनसंख्या को देखते हुए 30 लाख नेत्रदान हो पाना आसान नहीं लगता अगर व्यक्ति चाहे तो इस कार्य को कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन मधु जैन ने किया।






### उत्तराखण्ड के ऑडिशन

**(संवाददाता)** देहरादून। 30 जून को आयोजित होंगे मिसेज इंडिया उत्तराखण्ड के ऑडिशन। मिसेज इंडिया उत्तराखण्ड"दूसरे वर्ष में प्रवेश कर गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।